# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 31.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, आज, जागरूक एक्सप्रेस, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 31.12.2024

### असि नदी के आसपास किया सीमांकन, लगाए खंभे

वाराणसी। असि नदी के आसपास वीडीए की अगुवाई में सीमांकन किया और खंभे लगाए गए। नदी के प्रवाह क्षेत्र व कैचमेंट एरिया के तालाबों के सर्वेक्षण और खंभे लगाने का काम वीडीए ने सोमवार को शुरू कराया। असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए आईआईटी बीएचयू से ड्राइंग, डिजाइन, डीपीआर एवं कंप्रिहेंसिव एक्शन प्लान तैयार कराया जा रहा है। नदी के प्रवाह क्षेत्र में नदी की चौड़ाई और नदी के कैचमेंट एरिया में आने वाले तालाबों आदि के भूमि का स्थलीय सर्वेक्षण हुआ। इसमें वीडीए के अलावा नगर निगम, राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल रहे। चिह्नांकन के बाद स्थल पर सीमेंटेड खंभे भी लगाए गए। जिस पर आराजी नंबर एवं 60 खंभों पर पोल संख्या लिखे जा रहे हैं। नदी एवं इसके कैचमेंट में स्थित तालाबों की भूमि पर स्थित निर्माणों पर लाल निशान भी लगवाया जा रहा है। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 31.12.2024

### दो अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा

वाराणसी। वीडीए की टीम ने सोमवार को दो अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार शिवपुर एवं सिकरौल वार्ड हरिहर नाथ शर्मा और शीतल नगर कॉलोनी शिवपुर में डॉ हेमंत कुमार पांडेय के अवैध निर्माण को सील किया गया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 31.12.2024

### वीडीए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने अनिरुद्ध

वाराणसी। वीडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का द्विवर्षीय चुनाव सोमवार को वीडीए परिसर में हुआ। इसमें अनिरुद्ध पांडेय को अध्यक्ष और अखिल कुमार को कोषाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। इनके अलावा विजय कुमार मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय को महामंत्री, गायत्री यादव को संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा को संगठन मंत्री, राजेश कुमार शर्मा को प्रचार मंत्री को निर्विरोध चुना गया। पर्यवेक्षक संयुक्त सचिव परमानंद यादव, चुनाव अधिकारी अनुसचिव देव चंद्र राम, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे, सहायक चुनाव अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक द्वितीय विनोद कुमार, कनिष्ठ लिपिक अतुल कुमार सिंह की देखरेख में चुनाव हुआ। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 31.12.2024

# असि नदी के कैचमेंट एरिया में स्थित तालाबों पर लगाए खंभे

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए आइआइटी बीएचयू के सहयोग से ड्राइंग/ डिजाइन, डीपीआर और कम्प्रेहेन्सिव एक्शन प्लान तैयार करा रहा है। इसके लिए असि नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र में नदी की चौड़ाई तथा नदी के कैचमेंट एरिया में आने वाले तालाबों आदि की भूमि का सोमवार को स्थलीय सर्वेक्षण किया गया। साथ ही खंभे गाड़े गए।

प्राधिकरण, नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम स्थल पर कार्य कर रही है। चिह्नांकन के बाद स्थल पर सीमेंटेड पोल भी लगाए जा रहे हैं। इसी पर 60 पोल गाड़े गए। सभी पर पोल संख्या लिखा जा रहा है। असि नदी एवं इसके कैचमेंट में स्थित तालाबों की भूमि पर स्थित निर्माणों पर लाल निशान भी लगवाया जा रहा है। इससे आम जनमानस को भी नदी के राजस्व अभिलेख में अंकित चौड़ाई आदि के संबंध में जानकारी हो सकेगा। भविष्य में इस पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो। अभी तक सर्वेक्षण कार्यों के अंतर्गत प्रवाह क्षेत्र के शुरुआती स्थलों के साथ ही कर्दमेश्वर तालाब के पास पोखरी, कंदवां एवं कंचनपुर तालाबों, पोखरा की भू-स्वामित्व तथा राजस्व अभिलेखों के अनुसार जांच एवं सीमांकन कर पत्थर लगाने की कार्यवाही की गई। यह आगे भी जारी रहेगा।



असि नदी के कैचमेंट एरिया में स्थित तालाब के किनारे लगाए गए खंभे •

- कर्दमेश्वर तालाब के पास पोखरी कंदवां व कंचनपुर में तालाब, पोखरे पर हुआ सीमांकन
- राजस्व, विकास प्राधिकरण और नगर निगम की टीम साथ में लगा रही है लाल निशान

## दैनिक जागरण–दि0 31.12.2024

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष बने विजय

वाराणसी : विकास प्राधिकरण के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का द्विवर्षीय निर्वाचन सोमवार को हुआ। इसमें विजय कुमार मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष चुने गए। निर्वाचन में राजेंद्र प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय महामंत्री, गायत्री यादव संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा संगठन मंत्री, राजेश कुमार शर्मा प्रचार मंत्री निर्वाचित हुए। साथ ही अनिरुद्ध पांडेय अध्यक्ष और अनिल कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई और कर्मचारियों ने बड़े उत्साह और ईमानदारी से अपने मतों का प्रयोग किया। परमानन्द यादव, देव चन्द्र राम, रमेश चन्द्र दूबे ने चुनाव अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। (जासं)

## दैनिक जागरण–दि0 31.12.2024

### विकास प्राधिकरण पांच गांवों में बनवाएगा अन्नपूर्णा भवन

**काशी विद्यापीठ ब्लाक :** ब्लाक के माधोपुर, खनांव, बच्छांव, बंदेपुर व कोरौता में वाराणसी विकास प्राधिकरण अन्नपूर्णा भवन बनवाएगा। उपायुक्त मनरेगा पवन सिंह ने सोमवार को इन गांवों का निरीक्षण कर निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन का भौतिक सत्यापन किया। बीडीओ राजेश यादव ने बताया कि पांच गांवों में जमीन तलाश ली गई है। भवन में कोटे की दुकान का संचालन व एनआरएलएम समूह की महिलाएं रोजगार करेंगी। सुल्तानपुर व ऊंचगांव में भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। (संस)

## हिन्दुस्तान–दि0 31.12.2024

### अनिरुद्ध बने कर्मचारी समिति के अध्यक्ष



वाराणसी। वीडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समिति का द्विवर्षीय चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के अलावा अन्य पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। वीडीए मुख्यालय में संपन्न चुनाव में अनिरुद्ध पाण्डेय अध्यक्ष और अनिल कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए। विजय मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, सुशील उपाध्याय महामंत्री, गायत्री यादव संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा संगठन मंत्री, राजेश शर्मा प्रचार मंत्री बने। परमानन्द यादव, देवचन्द्र राम, रमेश चन्द्र दूबे, विनोद कुमार, अतुल कुमार सिंह के सहयोग से चुनाव कराया गया।

हिन्दुस्तान–दि0 31.12.2024

## 'असि' के जलग्रहण क्षेत्र में लगाए लाल निशान

- वीडीए ने कंदवा तालाब के आसपास कराई बैरिकेडिंग
- 60 पोल लगे कैचमेंट एरिया में, उन पर असि नदी अंकित

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए ने असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए सोमवार से उसके प्रवाह पथ में तालाबों के पास बैरिकेडिंग शुरू कराई। वहीं नदी के कैचमेंट या जलग्रहण क्षेत्र में लाल निशान भी लगाए जा रहे हैं। पहले दिन कंदवा तालाब के पास बैरिकेडिंग हुई। तालाब से लेकर कैचमेंट एरिया तक 60 पोल गाड़े गए। सभी पर असि नदी लिखी गई है।

वीडीए की कार्रवाई से असि नदी के जलग्रहण क्षेत्र में निर्माण कराने वालों में हड़कंप की स्थिति दिखी। अगले चरण में उन निर्माणों पर लाल निशान लगाए जाएंगे। वीडीए आईआईटी बीएचयू के साथ असि नदी के कैचमेंट एरिया के जलाशयों और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। आईआईटी के विशेषज्ञ इसकी डिजाइन, डीपीआर बना रहे हैं। तालाबों की जमीन पर हुए स्थायी-अस्थायी निर्माण भी चिह्नित किए जा रहे हैं। ये निर्माण आगे ध्वस्त किए जाएंगे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि लाल निशान लगाने का उद्देश्य आमलोगों को अभिलेखों में दर्ज नदी के प्रवाह क्षेत्र की जानकारी देना है। कंदवा तालाब के बाद कंचनपुर तालाब के आसपास बैरिकेडिंग कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि वीडीए, नगर निगम और जिला राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने असि नदी के प्रवाह क्षेत्र का भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज आंकड़ों के आधार पर सर्वेक्षण पूरा कर लिया है।

हिन्दुस्तान–दि0 31.12.2024

## वीडीए बनवाएगा अन्नपूर्णा भवन

वाराणसी। वीडीए काशी विद्यापीठ ब्लाक के माधोपुर, खनांव, बच्छांव, बंदेपुर और कोरौता गांव में विकास प्राधिकरण अन्नपूर्णा भवन बनवाएगा। उपायुक्त मनरेगा पवन सिंह ने सोमवार को इन गांवों का निरीक्षण कर निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन का भौतिक सत्यापन किया।

बीडीओ राजेश यादव ने बताया कि पांचों गांवों में जमीन तलाशी गई हैं। प्राधिकरण द्वारा अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जाएगा। भवन में कोटे की दुकान का संचालन और एनआरएलएम समूह की महिलाओं रोजगार करेंगी।

## हिन्दुस्तान–दि0 31.12.2024

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और बनास डेयरी ने दी बनारस को नई पहचान

**अलविदा 2024**

**वाराणसी, हिटी।** वाराणसी संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में मिलने के बाद 2024 में भी काशी नित नई ऊंचाई पर स्थापित हुई। फरवरी में मोदी ने करखियांव में बनास डेयरी संकुल की सौगात देकर विकास यात्रा शुरू की तो लगातार काशीवासी सुविधाओं से जुड़ते गये। रोप-वे जैसे देश के पहले सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर काम शुरू होने से जाम से निजात की दिशा में एक बड़ा कदम रहा तो नमो घाट से गंगा किनारे पर्यटन को नई दिशा मिली है। कैंट से रथयात्रा होते हुए गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन रोप-वे परियोजना पूरे देश के लिए सिटी ट्रांसपोर्ट का मॉडल बनने जा रही है। बाबतपुर एयरपोर्ट एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल भवन, रनवे का विस्तार और पार्किंग सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं बढ़ेंगी। वाराणसी से पांच नई वंदेभारत ट्रेनें यात्रा सुगम कराएंगी। सिगरा स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के शुभारम्भ से खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ।

**नगरीय: रोबोट से सीवर सफाई शुरू:** नगर में पहली बार रोबोट से मैनहोल की सफाई शुरू की गई। जलकल विभाग ने आईआईटी मद्रास की तकनीक पर आधारित मशीनों से सीवर समस्या के समाधान के लिए समझौता किया है। एंडीबूट नामक रोबोट दो मैनहोल के बीच आसानी से सफाई करने में सक्षम है। यह मशीन 20 मीटर तक गहराई में सफाई कर सकती है।



सिगरा स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से खिलाड़ियों को अवसर मिलेंगे। • फाइल फोटो

### विरासत: फातमान रोड के पार्क में संगीत पार्क

फातमान रोड सिगरा स्थित पार्क को संगीत पार्क के रूप में विकसित करना विरासत को सहेजने के क्रम में एक बड़ी उपलब्धि रही। बनारस घराने के दिग्गज कलाकारों को समर्पित संगीत पार्क से वाराणसी की कलात्मक उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की शहनाई की विशाल आकृति इस पार्क में लगाई जाएगी। वहीं नटराज की मूर्ति लगाई जाएगी। सेल्फी पॉइंट भी बनाया जाएगा।

### खेल

सिगरा में 380 .13 करोड़ से निर्मित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पूर्वांचल के युवा खिलाड़ियों को उत्कृष्ट मंच देगा।

### रेल

- पिछले साल में बनारस को पांच वंदेभारत ट्रेनें मिलीं। इसमें आगरा से वाराणसी, वाराणसी से नई दिल्ली, वाराणसी से देवघर, वाराणसी से रांची और पटना से लखनऊ (वाया वाराणसी) शामिल हैं।
- कैंट से नई दिल्ली जाने वाली दोनों वंदेभारत ट्रेनें 20-20 कोच की हुईं।

### पर्यटन

- गंगा के उत्तरी छोर पर विकसित नमो घाट धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। करीब दो किमी लम्बाई में स्थित घाट पर नमस्कार मुद्रा का स्कल्पचर देश-विदेश में पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो रहा है।
- सारनाथ में प्रो-पुअर योजना के तहत वेंडर्स के लिए आधुनिक कार्ट उपलब्ध हैं। इससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ। साथ ही वहां विश्वस्तरीय पर्यटन की सुविधाएं भी मिल रही हैं।

### रोडवेज

- वाराणसी रीजन के जौनपुर डिपो के बदलापुर में नए बस अड्डे से बसों का संचालन शुरू हुआ
- वाराणसी से गाजीपुर के लिए बिना परिचालक की नॉन स्टॉप बस सेवा शुरू

### एयरपोर्ट

- बाबतपुर एयरपोर्ट की विस्तारीकरण परियोजना, 2 नए एयरोब्रिज चालू

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 31.12.2024

# असि नदी के प्रवाह क्षेत्र व कैचमेंट एरिया के तालाबों के सर्वेक्षण एवं पोल लगाने का कार्य शुरू

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण द्वारा अस्सी नदी के जीर्णोद्धार के लिए आईआईटी बीएचयू के माध्यम से ड्राइंग, डिजाइन, डी0पी0आर एवं कम्प्रेहैन्सिव एक्शन प्लान तैयार कराया जा रहा है। इसके लिए अस्सी नदी के सम्पूर्ण प्रवाह क्षेत्र में नदी की चौड़ाई तथा अस्सी नदी के कैचमेंट एरिया में आने वाले तालाबो आदि के भूमि का स्थलीय सर्वेक्षण प्राधिकरण, नगर निगम एवं राजस्व विभाग के अन्तर्गत तहसील सदर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्थल पर किया जा रहा है। चिन्हांकन उपरान्त स्थल पर सीमेंटेड पोल भी लगाये जा रहे है, जिसपर (अस्सी नदी) एवं 60 पोलो पर पोल संख्या लिखे जा रहे हैं। अस्सी नदी एवं इसके कैचमेंट में स्थित तालाबों की भूमि पर स्थित निर्माणों पर लाल निशान भी लगवाया जा रहा है, जिससे आमजनमानस को भी नदी के राजस्व अभिलेख में अंकित चौड़ाई आदि के सम्बन्ध में जानकारी हो सके तथा भविष्य में इसपर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो। अभी तक सर्वेक्षण कार्यो के तहत अस्सी नदी के प्रवाह क्षेत्र के शुरूआती स्थलों के साथ ही कर्दमेश्वर तालाब के पास पोखरी, कंदवां एवं कंचनपुर तालाबों एवं पोखरा की भू-स्वामित्व तथा राजस्व अभिलेखों के अनुसार जांच एवं सीमांकन कर पत्थर लगाने की कार्यवाही वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा किया जा चुका है तथा तालाबों के बाउन्ड्री पर पोल भी लगाये जा चुके है। सर्वेक्षण एवं पोल लगाने का कार्य संयुक्त टीम द्वारा किया जा रहा है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 31.12.2024

### वीडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का चुनाव



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का द्विवर्षीय निर्वाचन सोमवार को प्राधिकरण सभागार में सकुशल संपन्न हुआ। चुनाव में कुछ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। जबकि कुछ पदों पर चुनाव हुआ। निर्विरोध निर्वाचन में कार्यवाहक अध्यक्ष विजय कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव, महामंत्री सुशील कुमार उपाध्याय, संयुक्त मंत्री गायत्री यादव, संगठन मंत्री शिवपूजन मिश्र एवं प्रचार मंत्री राजेश कुमार शर्मा शामिल है। जबकि अनिरुद्ध पांडेय अध्यक्ष एवं अनिल कुमार ने कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव जीता। संयुक्त सचिव परमानंद यादव ने चुनाव में पर्यविक्षक की भूमिका अदा की। इसी क्रम में देव चन्द्र राम अनु सचिव को चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी गयी थी। जबकि सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश चन्द्र दूबे एवं कनिष्ठ लिपिक विनोद कुमार ने सहायक चुनाव अधिकारी क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय के पद का निर्वहन किया। कनिष्ठ लिपिक अतुल कुमार सिंह सहायक चुनाव अधिकारी द्वितीय रहे। चुनाव अधिकारी द्वार परिणाम की अधिकारिक घोषणा करते ही सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

**कई पदों पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन**

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 31.12.2024

### पांच गांवों में विकास प्राधिकरण बनवाएगा अन्नपूर्णा भवन

**काशी विद्यापीठ/वाराणसी।** स्थानीय विकास खंड के माधोपुर, खनांव, बच्छांव, बंदेपुर व कोरौता संग पांच गांवों में विकास प्राधिकरण अन्नपूर्णा भवन बनवाएगा। उपायुक्त मनरेगा पवन सिंह ने सोमवार को इन गांवों का निरीक्षण कर निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर बीडीओ राजेश यादव ने बताया कि उक्त पांच गांवों में जमीन तलाश ली गयी है जहां विकास प्राधिकरण अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराएगा। भवन में कोटे की दुकान का संचालन व एनआरएलएम समूह की महिलाओं रोजगार करेंगी। विकास खंड के सुल्तानपुर व ऊंचगांव में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है तो अखरी, कुरहुआ व छितौनी में निर्माण कार्य चल रहा है। इन गांवों में भवन का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है।

आज–दि0 31.12.2024

## विप्रा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अनिरुद्ध पाण्डेय बने अध्यक्ष

विकास प्राधिकरण चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का द्विवर्षीय निर्वाचन प्रक्रिया हर्षोल्लास और सकुशल ढंग से संपन्न हुई। मतदान प्रक्रिया प्राधिकरण के सभागार में किया गया। इसमें अनिरुद्ध पाण्डेय अध्यक्ष, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, विजय कुमार मिश्र कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र



प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय महामंत्री, गायत्री यादव संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्र संघटन मंत्री, राजेश कुमार वर्मा प्रचार मंत्री निर्वाचित हुये। मतदान में केवल अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए कर्मचारियों ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। शेष छह पदों के लिए निर्वाचन हुआ। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक का काम परमानंद यादव संयुक्त सचिव ने किया। इसके अलावा देवचंद राम अनुसचिव को चुनाव अधिकारी बनाया गया। जबकि रमेश चंद्र दुबे को सहायक चुनाव अधिकारी और विनोद कुमार को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया। अतुल कुमार को भी सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया। चुनाव परिणाम आने के बाद सभी जीते हुये प्रत्याशियों का माल्यार्पण किया गया और संयुक्त सचिव ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।

आज–दि0 31.12.2024

## दो नवनिर्माणाधीन भवन हुए सील

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर सोमवारको दो स्थानों पर अवैध निर्माण करनेपर भवनको सील कर दिया गया। जोन एक शिवपुर कोट मकान नम्बर शि.-८/89बी-५ भवन स्वामी हरिहरनाथ शर्माने बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनका निर्माण कर रहे थे। इसी प्रकार जोन संख्या एक में ही एक स्कूलके बगलमें डॉक्टर हेमन्त कुमार पाण्डेय नामक भवन स्वामी भवनका निर्माण कर रहा था। दोनों स्थानोंपर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र, अवर अभियन्ता विजय सिंह, रक्षक दल पहुंच कर नवनिर्माण कराये जा रहे भवनको सील कर दिया। सील करनेके बाद निकटम थानेकी प्रतिरक्षामें इसे सौंप दिया गया।

आज–दि0 31.12.2024

# सरकारी अभिलेखको ध्यानमें रखकर असि नदीका निरीक्षण शुरू

## तीन विभागकी संयुक्त टीमने गाड़े ६० पोल

बीएचयू आईआईटी के माध्यमसे डिजाइन किये गये असि नदी के सम्पूर्ण प्रवाहके लिए इसकी चौड़ाईको सरकारी अभिलेखके अनुसार तय करते हुए पीलरोंकी गड़ायीका काम शुरू कर दिया गया है। सोमवारको नगर निगमके राजस्व विभाग सदर तहसील और विप्रा के कर्मचारियोंने



असि नदी पर अभिलेखके अनुसार सीमेंटेड पोलोंको लगानेका काम शुरू कर दिया। साथ ही उन तालाबोंपर भी लाल निशान लगाया गया जिनका सम्बन्ध असि नदीकी चौड़ाईसे है और भविष्यमें इस पर अतिक्रमण न हो इस बातको ध्यानमें रखकर लाल निशान लगाया गया है। शुरुआती दौरमें असि नदीके प्रवाहमें शामिल कर्मदेश्वर तालाब, कंदवा, कंचनपुर पोखरीको राजस्व अभिलेखके अनुसार सीमांकन करते हुए पत्थर लगाया गया है। इन पोलोंमें लाल निशान भी लगाया गया है जिससे कि सर्वेक्षण कर रही टीमको सरकारी अभिलेखका तक जानेमें परेशानी न हो। उल्लेखनीय है कि विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर असि नदी जीर्णोद्धारके लिए बीएचयू आईआईटी डीपीआर तैयार कर रहा है और डीपीआर के आधारपर नदीके प्रवाहको फिरसे चालू करनेके लिए आवश्यक काररवाई शुरू की जायेगी। शुरूमें असि नदीके दोनों तरफ सरकारी अभिलेखके अनुसार जांच-पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 31.12.2024

# गोदौलिया पर चला प्रशासन का बुलडोजर

वाराणसी। जाम की समस्या का समाधान करने के लिए रोपवे परियोजना पर तेजी से काम हो रहा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पास



गोदौलिया पर गिरजाघर रोपवे स्टेशन के निर्माण के लिए चिन्हित मकानों को तोड़ने का कार्य सोमवार को प्रशासन की निगरानी में शुरू किया गया। गोदौलिया के पास सोमवार को वीडीए, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में एक सैकड़ों वर्ष पुराने मकान पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान परियोजना प्रबंधक पूजा मिश्रा, ड्डूड़ सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, ड्रह्र शासन विपिन कुमार, और एसीपी दशाश्वमेध प्रज्ञा पाठक सहित भारी संख्या में अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहे। मकानों में रहने वाले और व्यवसाय करने वाले लोग इस कार्रवाई से नाराज हैं। उनका कहना है कि वे पिछले 50 वर्षों से इस

### रोपवे स्टेशन निर्माण में बाधक बन रहे मकान को ढहाया, स्थानीय लोगों ने किया विरोध

मकान में रह रहे थे और इसका पट्टा उनके पास है। हालांकि, उन्हें नोटिस नहीं दिया गया, लेकिन मौखिक रूप से जानकारी दी गई थी। प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया है कि निर्माण के बाद उन्हें दुकानें आवंटित की जाएंगी। समाजसेवी प्रभात वर्मा ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मकान और दुकानों को जबरन खाली कराया गया। कुछ दुकानदारों का कहना था कि उन्हें इसके लिखित में कोई नोटिस उपलब्ध नहीं कराया गया, आज अचानक से आकर बुलडोजर चलाने लगे। वहीं कुछ दुकानदारों ने यह भी कहा कि उन्हें शुक्रवार को ही जानकारी दी गई थी कि सोमवार को कार्रवाई की जाएगी। काशी में ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए रोपवे को एक महत्वपूर्ण पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह रोपवे वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से गिरजाघर तक चलेगा, जिससे स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 31.12.2024

# गोदौलिया पर चला बुलडोजर

### नगर निगम की जमीन पर बनी थी दुकानें, लोगों ने जताया विरोध

जागरूक एक्सप्रेस संवाददाता

**वाराणसी।** रोप-वे के प्रोजक्ट में बड़ी बाधा बन रहे गोदौलिया इलाके की 8 दुकानों को वीडीए ने ध्वस्त कर दिया। ये दुकानें नगर निगम की जमीन पर बनी थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम और जिला प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की लेकिन कार्रवाई नहीं रुकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट रोप-वे के लिए गोदौलिया क्षेत्र में टावर स्टेशन का निर्माण होना है। जिस जगह से दुकानें तोड़कर हटाई गई, वहीं रोप- वे स्टेशन का निर्माण होगा। वाराणसी में रोप-वे के लिए कुल पांच स्टेशन बनने हैं। कैंट रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ होकर रोपवे गोदौलिया तक जाएगा। रोप-वे निर्माण का कार्य आखिरी चरण में पहुंच चुका है।



**नजूल की जमीन पर थी दुकानें-** दूध सट्टी के समीप वाराणसी विकास प्राधिकरण और नगर निगम ने आठ दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। ये दुकानें नगर निगम की नजूल की 16 बिस्वा जमीन पर बनी थीं। कुछ दिनों पहले इसी से सटी एक मिठाई की दुकान तोड़ी गई थी। उस दौरान भी कार्रवाई का विरोध कर रहा कारोबारी अपने पक्ष में कोई दस्तावेज नहीं दे पाया था। सोमवार को हुई कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान दुकान संचालकों ने मोहलत मांगते हुए थोड़ा विरोध जताया लेकिन पुलिस प्रशासन के आगे एक नहीं चली। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के लिहाज से गोदौलिया चौराहे से गिरजाघर तक एक लेन आवागमन के लिए बंद कर दी गई थी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 31.12.2024

# विकास प्राधिकरण के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का द्विवार्षिक चुनाव हुआ सम्पन्न

**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )**। विकास प्राधिकरण वाराणसी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का द्विवार्षिक निर्वाचन विकास प्राधिकरण के सभागार में सोमवार को संपन्न हुआ। इस निर्वाचन में निम्नलिखित पदों के लिए अभ्यर्थियों का निर्विरोध चुनाव हुआ। कार्यवाहक अध्यक्ष-विजय कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष-राजेन्द्र प्रसाद यादव, महामंत्री- सुशील कुमार उपाध्याय, संयुक्त मंत्री-गायत्री यादव, संगठन मंत्री-शिवपूजन मिश्रा, प्रचार मंत्री-राजेश कुमार शर्मा निर्विरोध चुने गये। साथ ही अन्य पदों के लिए चुनाव संपन्न हुआ और निम्नलिखित उम्मीदवार निर्वाचित हुए। अध्यक्ष- अनिरूद्ध पाण्डेय, कोषाध्यक्ष- अनिल कुमार चुने गये। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई और कर्मचारियों ने बड़े ही उत्साह और ईमानदारी से अपने-अपने मतों का प्रयोग किया।

निर्वाचन प्रक्रिया में योगदान देने वाले चुनाव अधिकारियों का विवरण इस प्रकार है। संयुक्त सचिव परमानंद यादव ने पर्यवेक्षक के रूप में देखरेख किया। अनुसचिव देवचन्द राम को चुनाव अधिकारी का दायित्व सौंपा गया। सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चन्द्र दुबे ने सहायक चुनाव अधिकारी प्रथम के रूप में, विनोद कुमार कनिष्ठ लिपिक सहायक चुनाव अधिकारी द्वितीय तथा तृतीय चुनाव अधिकारी के रूप में अतुल कुमार सिंह कनिष्ठ लिपिक कार्यरत रहकर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। निर्वाचित अध्यक्ष अनिरूद्ध पाण्डेय ने सभी को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।